卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंध्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः । आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम् ।
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् । वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये ।

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 229 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦30 मई 2024 ♦मूल्य दो रूपया



# विभागीय प्रस्तावों पर कारपोरेट इकाईयों के साथ किया मंथन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदय राज सिंह के निर्देशानुसार सी.एस.आर.( कार्पोरेट सोशल रिसपोन्सिबिलिटी) के अन्तर्गत विभागों से प्राप्त प्रस्ताव के सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कार्पोरेट इकाईयों के प्रतिनिधियों को विभिन्न विभागों से प्राप्त प्रस्तावों के बारे में जानकारी दी गयी। उन्होंने कारपोरेट प्रतिनिधियों से कहा कि किसी क्षेत्र में रहते हुए हम क्षेत्र के विकास व पर्यावरण संरक्षण संबंधी कार्य करते हैं तो वह सम्पूर्ण क्षेत्र के साथ ही हमारे लिए भी सुविधाजनक व लाभदायक होता है। उन्होंने राज्य में सूक्ष्म उद्योगों व स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित हैंडीक्राफ्ट के सैंपल्स प्रदर्शित कराते हुए उन्हें प्रमोट व सपोर्ट करने की अपील भी की। बैठक में मुख्य शिक्षा अधिकारी द्वारा विकास खण्डों के विद्यालयों में वी0आर0 लैब्स, स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी, मैथ लैब्स आदि का निर्माण प्रस्ताव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जवाहर लाल नेहरू, जिला चिकित्सालय, रूद्रपुर में एक एम०आर०आई० मशीन स्थापित किये जाने हेतु प्रस्ताव तथा डी0इ0आइ0सी0 (डिस्ट्रिक्ट अरली इंटरवेन्शन सेन्टर) के अन्तर्गत आने वाले प्रस्ताव से अवगत कराया। उरेड़ा विभाग से मुख्य परियोजना अधिकारी द्वारा जनपद के विभिन्न हाईस्कूल एवं इण्टरमीडियेट कालेज तथा आंगनबाडी केन्द्रों में ऑफग्रिड सोलर



पावर प्लान्टों की स्थापना हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया। सेवायोजना अधिकारी द्वारा जनपद के निर्धन आकांक्षी युवाओं की सेवायोजकता में वृद्धि हेतु वोकेशनल स्किल कम्प्यूटर कोर्स ओ लेवल का एक वर्षीय निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु प्रस्ताव से अवगत कराया। एन.आर.एल.एम. विभाग की सहायक परियोजना निदेशक द्वारा विकासखण्डों में सी.एल.एफ. के माध्यम से ग्रोथ सेन्टरों की स्थापना किये जाने हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया। प्राप्त प्रस्तावों पर औद्योगिक इकाईयों से विचार-विमर्श किया गया तथा उनके सुझाव भी लिये गये। सी.एस.आर. के अन्तर्गत किये गये कार्यों की सूचना की एक कॉपी जिलाधिकारी कार्यालय तथा मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय में भी प्रेषित करने हेतु कहा गया।बैठक में प्रभारी अधिकारी कलेक्ट्रेट डा. अमृता शर्मा, महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र विपिन कुमार , अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जमील, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. राजेश, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना अधिकारी, सहायक परियोजना निदेशकग्रामीण विकास विभाग संगीता आर्या, जिला सेवायोजन अधिकारी राजेश दुर्गापाल एवं कॉर्पोरेट इकाईयों मै० पारले एग्रों प्रा.लि. सिडकुल सितारगंज भूपेश शर्मा, पारले विस्किट्स प्रा.लि. सिंडकुल पंन्तनगर मृत्युजय सिंह, मै० टाटा मोटर्स, सिंडकुल पंन्तनगर प्रीतम मोतीलाल,मै० परफेटी बेनमेले, सिंडकुल पंन्तगर विवेक गर्ग, मै० सी.जी. फूडस, सिंडकुल पंन्तनगर, विनोद मलिक, मै० अशोका लिलेण्ड, सिडकुल पंन्तनगर सुनील पेटवाल,नैस्ले इण्डिया लि. सिडकुल पंन्तनगर विशाल गर्ग, मै० बजाज ऑटो सिडकुल सुधीर मिश्रा आदि रहे।

# पत्रकारिता का गिरता स्तर चिंता का विषय: बतरा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। रूद्रपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष केवल कृष्ण बतरा ने हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर सभी पत्रकारों को बधाई दी है। इस मौके पर आयोजित



एक बैठक में केवल कृष्ण बतरा ने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारिता ही एक ऐसा स्तंभ है, जिससे लोकतंत्र की बहाली कायम है। इसलिए पत्रकारों को अपने कार्य को देश के प्रति अहम जिम्मेदारी समझते हुए ईमानदारी से कार्य करना होगा। समय और समाज के संदर्भ में जागरूक रहकर नागरिकों के अधिकारों को उठाना होगा। उन्होनें कहा कि आज पत्रकारिता का गिरता स्तर चिंता का विषय है। पत्रकारों की गिरती आर्थिक स्थिति पर सरकार को भी संज्ञान लेना चाहिए। कोरोना काल के बाद आर्थिक स्थिति अच्छी न होने के कारण और सरकारी स्तर पर किसी भी तरह का सहयोग न होने के कारण आज बहुत से ईमानदार पत्रकार पत्रकारिता से दूरी बना चुके हैं, इसी लिए आज पत्रकारिता के क्षेत्र में ऐसे लोगों का पदार्पण हो चुका है जो समाज और राष्ट्रहित के बजाय निजी स्वार्थों को महत्व देते हैं। श्री बतरा ने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारिता चुनौती भरा कार्य हो गया है। निर्धारित मापदंडों को स्थापित करते हुए लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप अपनी लेखनी का सामाजिक विकास की दिशा में सदुपयोग करना ही पत्रकारिता है। आज पत्रारिता के वजूद को बचाने के लिए निष्पक्ष और ईमानदार पत्रकारों को एकजुट होने की जरूरत है। इस दौरान महामंत्री परमपाल सुखीजा,कोषाध्यक्ष विजय आहूजा सहित वरिष्ठ पत्रकार मुकेश गुप्ता, जगदीश चन्द्र, प्रमोद धींगड़ा,चेतन बतरा ने भी पत्रकारिता दिवस की बधाई दी।

# पर्यावरण का विनाश रोकने के लिए प्रकृति के नियमों का पालन करें

गदरपुर(उद संवाददाता)। बाबा बुड्ढा जी का निवास स्थल रमदास श्री अमृतसर साहिब से काशीपुर के खोखरा ताल स्थित स. बलवंत सिंह के प्रतिष्ठान पर पहुंचे बाबा भगवंत भजन सिंह द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से विभिन्न शब्दों का पाठ सामूहिक रूप से करवाते हुए सर्वत्र सुख शांति की अरदास की गई।उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए भी प्राकृतिक संसाधनों का दुरुपयोग रोकने का आवाहन तथा पर्यावरण संरक्षण की अपील की। पर प्रकाश डालते हुए मातृभाषा गुरमुखी पंजाबी का शिक्षण कार्य शिविर लगाकर करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पहुंचे काशीपुर के पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा ने अपने संबोधन में बाबा भगवंत भजन सिंह द्वारा क्षेत्र में भगवंत भजन सिंह एवं स. बलवंत सिंह द्वारा हरभजन सिंह चीमा सहित अन्य धार्मिक एवं समाज सेवा में अग्रणी रहे बुजुर्गों को सरोपा एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया दूर दराज से आई संगत ने कार्यक्रम में





अधिक पौधे लगाने तथा उनका पालन पोषण करके अपने जीवन को सुखी एवं दीर्घायु बनाए जाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के अखंड पाठ के भोग के उपरांत दीवान सजाए गए, जिसमें बाबा भगवंत भजन सिंह द्वारा संगत को मूल मंत्र,गुरु मंत्र एवं बाजपुर के रागी भाई दर्शन सिंह,डेरा बाबा नानक से आए रागी भाई वीर सिंह नामधारी द्वारा गुरबाणी कीर्तन एवं कथा के माध्यम से संगत को गुरु वाले बनने का आह्वान किया। कथावाचक भाई हरप्रीत सिंह एवं देवेंद्र सिंघ ने गुरबाणी पाठ तथा गुरु ग्रंथ साहिब जी के सिद्धांतों किये जा रहे धर्म प्रचार की सराहना करते हुए सभी को कार्यक्रम में शामिल होने की शुभकामनाएं प्रदान की। काका ब्रहमदीप सिंह द्वारा श्री गुरु ग्रंथ साहिब में दर्ज बाबा फरीद जी के शब्दों को राग पर आधारित गायन करके अपनी कला का प्रदर्शन किया। बाबा सहभागिता करते हुए गुरु का लंगर रूपी प्रसाद भी ग्रहण किया। वही बाबा भगवत भजन सिंह द्वारा मानपुर रोड स्थित सरदार निर्मल सिंह के प्रतिष्ठान पर कार्यक्रम का आयोजन करके संगत को धर्म एवं समाज के क्षेत्र में सेवा कार्यों को करने की अपील की।

# पेयजल लाइन टूटने से आपूर्ति ठप

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। मोबाइल कंपनी के पाइप लाइन बिछाने के दौरान नगर मे दो जगह पाइप लाइन टूटने से नगर की पेयजल आपूर्ति ठप हो गई। जिससे नगर के लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ा। देर सांय को कर्मचारियों की कडी मशक्कत के बाद आपूर्ति सूचारू हो पाई। बता दे कि गूलरभोज रोड पर एक मोबाइल कम्पनी अंडर ग्राउंड लाइन विछाने का कार्य कर रहा है। खुदाई के दौरान खटोला के पास जल संस्थान का सप्लाई लाइन क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे बुधवार सुबह से नगर की पेयजल आपूर्ति ठप हो गई। कर्मचारियों की कडी मेहनत के बाद देर सांय को आपूर्ति सुचारू हो पाई। जल संस्थान के जेई आर एस न्याल ने बताया मुख्य चौराहे के पास कई जगह लीकेज है। भीड़भाड़ होने के कारण वहां रविवार को मशीन लगाकर लाइन को दुरुस्त किया जायेगा। उधर इस संबंध में मोबाइल कंपनी के अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनसे संपर्क नही हो सका।



# संत दर्शन सिंह की बरसी पर लगाई ठंडे मीठे पानी की शबील

गदरपुर(उद संवाददाता)। सावन कृपाल रुहानी मिशन के संस्थापक परम संत दयाल पुरुष दर्शन सिंह जी महाराज का 35 वां बरसी समागम गदरपुर की रूहानी मिशन संगत द्वारा धूमधाम से मनाया गया। सकैनिया मोड तिराहे पर सावन कृपाल रूहानी मिशन के सेवादारों द्वारा ठंडे मीठे पानी की शबील लगाकर लोगों की प्यास बुझा कर सेवा की गई।सावन कृपाल रूहानी मिशन के अध्यक्ष हरनाम सिंह सेतिया



ने बताया कि हर वर्ष की भांति दयाल पुरुष दर्शन सिंह महाराज का 35 वां बरसी समागम संगत द्वारा श्रद्धा भावना से ठंडे मीठे पानी की शबील लगाकर किया गया। इस मौके पर सावन कृपाल रूहानी मिशन के उपाध्यक्ष गुरबख्श लाल बठला,सचिव मनोरथ डाबर ,कोषाध्यक्ष प्रेम नाथ खुराना,सदस्य आनंद किशोर,संजय पेंटर ,लालचंद बठला,नानक बठला,उषा रावत, मंगोला कुमारी,इंदिला देवी, अनीता रानी,हाकम देई,रीता देवी,मनीषा,राधा ढींगरा,रुक्मणी देवी,अनीता,पीहू,किरण,राम कीरती, महेंद्र, नैतिक,खुशी, वंशिका,कनिका सहित तमाम श्रद्धालु सेवा कार्यों में जुटे रहे।

# आचार्यों को सिखाए विभिन्न विषयों के गुर

**तीन दिवसीय जिला स्तरीय आचार्य प्रशिक्षण संपन्न**

गरुड़(उद संवाददाता)। विद्या भारती के तत्वाधान में तीन दिवसीय जनपद स्तरीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन विवेकानंद इंटर कॉलेज मंडलसेरा बागेश्वर में किया गया। प्रशिक्षण वर्ग में जिले में संचालित 17 विद्या भारती जिला टोली बागेश्वर के सदस्य एवं सह जिला कार्यवाह राजेंद्र उपस्थित रहे। द्वितीय सत्र में एनईपी आधारित पंचपदी पाठ योजना विषय पर में विषयशः प्रशिक्षण रहा। हिंदी-संस्कृत विषय में पूर्व सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य एवं संस्कृति के विद्वान बंशीधर जोशी, अंग्रेजी विषय का प्रशिक्षण गोकुल देव, अखिलेश चौहान प्रवक्ता बीएड विभाग, सामाजिक विषय कैलाश अंडोला प्रधानाचार्य इंटर कॉलेज क्वैराली, अंग्रेजी गोकुल देव ने दिया। अगले सत्र में शिक्षण कौशल विषय पर डॉ पंकज दुबे प्राचार्य बीएड विभाग, गणित विषय पर






विद्यालयों से 103 आचार्यों ने प्रतिभाग किया। उद्घाटन के अवसर पर आयोजित विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं संकुल प्रमुख अव्वल सिंह तोपाल के द्वारा विद्या भारती की रीति-नीति, वैचारिक विषय पर प्रबोधन दिया। जिले के प्रशिक्षण प्रमुख प्रधानाचार्य कैलाश जोशी ने प्रशिक्षण वर्गों के महत्व पर प्रकाश डाला। उद्घाटन अवसर पर स्लाइड के माध्यम से गोकुल देव ने प्रशिक्षण दिया। रात्रि के सत्र में विषयशः चर्चा हुई। द्वितीय दिवस में प्रातः योगाभ्यास पतंजलि योगपीठ के योग गुरु केवलानंद जोशी के द्वारा कराया गया। वंदना सत्र में पूर्व प्राचार्य डायट एवं वर्तमान खंड शिक्षा अधिकारी डीसी सती ने मातृभाषा में शिक्षण विषय पर प्रेरणादायी उद्बोधन दिया। तृतीय सत्र सामाजिक विषय का प्रशिक्षण जगदीश मेहता, गणित का प्रशिक्षण प्रकाश जोशी, विज्ञान का प्रशिक्षण पंकज शाह ने दिया। चतुर्थ सत्र में डॉ संदीप जोशी प्रवक्ता डाइट ने प्रबंधन विषय पर चर्चा की। पंचम सत्र में विषयशः प्रशिक्षण हिंदी-संस्कृत डॉ हेम चंद्र दुबे विभागाध्यक्ष हिंदी विभाग बद्रीदत्त परिसर, गणित डॉ पंकज दुबे, विज्ञान क्रिया आधारित गतिविधि विषय पर डॉ बीडी पांडे प्रवक्ता डाइट ने दिया। प्रशिक्षण वर्ग के अनुभव में आचार्यों का कथन था कि इस प्रकार के वर्गों का आयोजन समय-समय पर होता रहे। वर्ग की सभी प्रकार की व्यवस्थाओं की सराहना आचार्यों ने की। समापन अवसर पर विद्यालय के सह प्रबंधक आशीष धपोला ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# वीरांगना ग्रुप ने राहगीरों को बांटा शरबत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रातःकाल से ही शुरू हो जा रही तेज गर्मी से राहगीरों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से आज वीरांगना ग्रुप की महिलाओं ने मुख्य



बाजार में छबील लगाकर राहगीरों को मीठे जल का वितरण किया। इस दौरान रेनू अरोरा, उर्वशी गाबा, रेनुका तागरा, स्वाति, प्रीति सलूजा, सुनीता, रोजी, संगीता, अंशुल, कृतिकाव कोनिका बांगा आदि ने मीठा जल वितरण में सहयोग किया।




# संदिग्ध हालातों में मासूम बच्ची के साथ विवाहिता गायब

काशीपुर(उद संवाददाता)। ब्यूटी पार्लर में काम करने वाली एक विवाहिता मासूम बच्ची के साथ घर से बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता बताई जा रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर गायब विवाहिता का पता लगाना शुरू कर दिया।



घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर पुराना आवास विकास निवासी सुधीर शर्मा पुत्र डालचंद शर्मा ने बताया कि उसकी 32 वर्षीय पत्नी सोनिया स्थानीय एक ब्यूटी पार्लर में काम करती है। रोजाना की भांति 27 मई की सुबह लगभग 10:00 बजे वह अपनी 3 वर्षीय पुत्री को लेकर घर से पार्लर के लिए निकली लेकिन काफी देर बीत जाने के बाद भी पार्लर नहीं पहुंची। परिजनों को जब इसका पता चला तो उन्होंने तमाम संभावित स्थानों पर मां बेटी की तलाश किया लेकिन दोनों का कहीं कोई पता नहीं चला। पुलिस ने इस मामले में गुणसूद की दर्ज कर गायब विवाहिता का पता लगाना शुरू किया है।




# पानी के टैंक में गिरा गुलदार



नैनीताल(उद संवाददाता)। बेतालघाट स्थित एक स्टोन क्रेशर में एक गुलदार पानी के टैंक में जा गिरा, जिसे वन विभाग की टीम ने सीडी लगाकर सुरक्षित बाहर निकलने का रास्ता दिया। नैनीताल जिले में बेतालघाट के तल्लागांव के साई स्टोन क्रसर में बुधवार को एक गुलदार पानी के टैंक में गिर गया। गुलदार घंटो तक पानी में फंसा रहा। स्टोन क्रसर कर्मी ने पानी के टैंक में तेंदुए को देखा तो इसकी सूचना वन विभाग और राजस्व विभाग को दी गई। सूचना के बाद वन विभाग की टीम रैस्क्यू के लिए पहुंची। विभाग ने अभियान चलाकर गुलदार को टैंक से सुरक्षित बाहर निकालने के लिए टैंक में एक सीड़ी डाल दी। कुछ देर की मशक्कत के बाद गुलदार सीढ़ी चढ़कर बाहर आ गया। इधर उधर देखने के बाद गुलदार सीधे जंगल की ओर चला गया।

# बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम में दर्शन के लिए पहुंचे सुपर स्टार रजनीकांत



देहरादून(उद संवाददाता)। सुपरस्टार रजनीकांत एक बार फिर उत्तराखंड की यात्रा पर निकले हैं। पिछली बार जब उनकी जेलर फिल्म रिलीज हुई थी तो उस रोज वह ऋषिकेश स्वामी दयानंद आश्रम पहुंचे थे। यहां से वह श्री बदरीनाथ और केदारनाथ धाम की यात्रा पर निकले। अभिनेता रजनीकांत बुधवार की शाम ऋषिकेश के स्वामी दयानंद आश्रम पहुंच गए थे। स्वामी जी के शिष्य रजनीकांत जब भी उत्तराखंड आते हैं तो इसी आश्रम में रुकते हैं। यहां पहुंचकर उन्होंने गुरु की समाधि पर ध्यान लगाया। संध्याकालीन आरती में शामिल हुए। गुरुवार सुबह सह दो मित्रों के साथ वह बदरी केदार धाम की यात्रा पर गये जहां उन्होंने विधिवत पूजा अर्चना की। धाम में पहुंचने परसुपरस्टार का स्वागत किया गया।

# अनियंत्रित जीप खाई में गिरने से नव विवाहिता की मौत,आठ लोग घायल

पिथौरागढ़(उद संवाददाता)। सीमांत क्षेत्र झूलाघाट भारत सीमा से लगे नेपाल के बैतड़ी जिले में एक यात्री जीप अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे में पिथौरागढ़ निवासी नवविवाहिता की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका के पति समेत आठ यात्री घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए बैतड़ी अस्पताल में ले जाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार बुधवार शाम यात्री जीप बैतड़ी से झूलाघाट की ओर नेपाल और भारतीय यात्रियों को लेकर आ रही थी। इसी दौरान चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और जीप अनियंत्रित होकर खाई में गिर गयी। इस दर्दनाक हादसे में पिथौरागढ़ के टकाना निवासी मीना पत्नी नीरज भट्ट की मौके पर ही मौत हो गई जबकि मीना के पति नीरज सहित आठ यात्री घायल हो गए। सूचना पर पुलिस ओर स्थानीय लोगों ने घायल सवारियों को जिला अस्पताल बैतड़ी पहुंचाया। जहां पर उनका इलाज चल रहा है। हादसा कैसे हुआ इसकी पुलिस जांच कर रही है। बताया जा रहा कि मृतक नव विवाहिता का नीरज के साथ अप्रैल माह में ही विवाह हुआ था नव विवाहिता नेपाल की रहने वाली थी जबकि नीरज पिथौरागढ़ का रहने वाला है जो नेपाल अपने ससुराल पत्नी के साथ गया हुआ था और वापसी के दौरान यह हादसा हो गया। घटना की सूचना से परिजन गहरे सदमे में हैं। पिथौरागढ़ पुलिस के मुताबिक घटना नेपाल सीमा क्षेत्र में हुई है सभी कार्रवाई नेपाल पुलिस द्वारा की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# फायर अनुमति प्राप्त न करने पर हो सकती है दो साल तक की सजा

**उत्तराखंड फायर अधिनियम 2016 में 2022 संशोधन के बाद कड़ा प्रावधान,जिला मजिस्ट्रेट को है जीवन या सम्पत्ति के लिये खतरनाक भवनों को सील करने का अधिकार**

काशीपुर (उद संवाददाता)। अस्पतालों, स्कूलों, कामर्शियल काम्प्लैक्स आदि लोगों के इक्ट्ठे होने वाले भवनों में फायर अनुमति प्राप्त न करने पर दो साल तक की जेल की सजा या एक लाख रूपये तक का जुर्माना हो सकता है। इसके अतिरिक्त खतरनाक भवनों को जिला मजिस्ट्रेट द्वारा सील भी किया जा सकता है। सूचना अधिकार के अन्तर्गत पुलिस मुख्यालय द्वारा सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन एडवोकेट को उपलब्ध करायी गयी सूचना से यह खुलासा हुआ है।काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन एडवोकेट ने उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय के लोक सूचना अधिकारी से फायर अनुमति संबंधी नियम कानूनों की सूचना मांगी थी। इसके उत्तर में उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय के लोक सूचना अधिकारी/उप निदेशक (तक0) अग्निशमन एवं आपात सेवा ने उत्तराखंड अग्निशमन एवं आपात सेवा, अग्नि निवारण और अग्नि सुरक्षा अधिनियम 2016 तथा उसमें संशोधन संबंधी अधिनियम 2022 की सत्यापित फोटो प्रति उपलब्ध करायी है।श्री नदीम को उपलब्ध सूचना के अनुसार 21 जुलाई 2022 से संशोधन के बाद उत्तराखंड अग्निशमन एवं आपात सेवा अग्नि निवारण और अग्नि सुरक्षा अधिनियम 2016 की धारा 18 के अनुसार बारह मीटर से अधिक ऊंचाई तथा 500 मीटर से अधिक कवर्ड एरिया वाले लोगों के इक्ट्ठा होने वाले उल्लेखित कार्यों में प्रयोग होने या इस की संभावना वाले मौजूद या निर्माणधीन सभी ऐसे भवनों के लिये अग्नि सुरक्षा प्राप्त होने सम्बन्धी योजना प्राधिकृत अधिकारी को प्रस्तुत की जायेगी और अनुज्ञा प्राप्त की जायेगी। ऐसा न करने पर धारा 21 के अन्तर्गत दो वर्ष तक की जेल की सजा या एक लाख रूपये तक के जुर्माने की सजा या दोनों की सजा हो सकेगी। प्रथम बार के बाद लगातार अपराध के लिये 5 हजार रूपये प्रति दिन का जुर्माना भी होगा। धारा 18 के अन्तर्गत जिन प्रयोगों के भवनों की फायर अनुमति लेनी आवश्यक है उसमें ऐसे भवन जिनका उपयोग शारीरिक या मानसिक बीमारी, रोगों या कमजोरी से पीड़ित व्यक्तियों, बच्चों या बूढ़ों के इलाज या देखभाल करने, सुधारात्मक बंदी, दुकान, बाजार, शयनवास, होटल या किराये के लिये सुसजित कमरों वाले मकान, शैक्षिक संस्थान, सभा भवनों, मनोरंजन, सामाजिक, धार्मिक, देशप्रेम संबंधी नागरिक यात्राओं के लिये इकट्ठा होना संभावित है शामिल है। श्री नदीम को उपलब्ध सूचना के अनुसार धारा 15(4) के 2022 में संशोधन के उपरान्त 21 जुलाई 2022 से सभी आवासीय भवन जो बारह मीटर या उससे अधिक ऊंचे हैं तथा औद्योगिक/व्यवसायिक (कवर्ड एरिया 500 वर्ग मीटर से अधिक हो) है जो विस्फोटक तीव्र ज्वलनशील पदार्थों का भण्डाराण या उपयोग करते है को उपनिदेशक (तकनीकी) या मुख्य अग्नि शमन अधिकारी की संस्तुति के आधार पर मुख्य अग्नि शमन अधिकारी से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना होगा। इसका उल्लंघन करने पर भी धारा 21 वाली सजा ही होगी।धारा 16 के अन्तर्गत जिला मजिस्ट्रेट को जीवन या सम्पत्ति के लिये खतरनाक प्रतीत होने वाले भवनों की रिपोर्ट प्राप्त होने पर परिसर में मौजूद लोगों को हटने, हटाने तथा भवनों को सील करने का आदेश दिया जा सकता है।धारा 23 के अन्तर्गत पुलिस या फायर सर्विस को आग लगने की झूठी रिपोर्ट जानबूझकर देने पर पांच हजार रूपये तक के जुर्माने की सजा हो सकती है।

# आवास विकास से युवक लापता



काशीपुर। परिजनों को बगैर कुछ बताएं एक युवक घर से बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। जानकारी के मुताबिक मोहल्ला आवास विकास निवासी नीतीश बिश्नोई 25वर्ष पुत्र केशव सिंह बिश्नोई बीते 10 मई की शाम लगभग 5:30 बजे परिजनों को बगैर कुछ बताएं घर से कहीं चला गया। देर रात तक वापस घर न लौटने पर परिजनों को इसकी चिंता सताने लगी। उन्होंने तमाम संभावित स्थानों पर गायब युवक की तलाश किया लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की गुमशुदगी दर्ज कर गायब युवक का पता लगाना शुरू कर दिया है।

# दिल्ली से घूमने आये स्कूली बच्चों की बस खेत में पलटी

नैनीताल (उद संवाददाता)।दिल्ली क्षेत्र के पश्चिमी विहार में पंजाबी कॉलोनी स्थित एनसी जिंगल स्कूल के छात्रों का एक ग्रुप मुक्तेश्वर घूमने आया है। बुधवार शाम करीब चार बजे स्कूली बच्चे धारी स्थित भालूगाड़ घूमने जाने के लिए जैसे ही बस में बैठे कि अचानक बस सड़क से ढलान की ओर बढ़ते हुए खेत में पलट गई। इससे बस में सवार बच्चों की चीख पुकार मच गई। गनीमत रही की बस में चालक समेत पांच बच्चे ही सवार थे। बच्चों और चालक को मामूली चोटें आईं जिन्हें हल्द्वानी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दिल्ली के निजी पब्लिक स्कूल के 130 विद्यार्थियों टूर मंगलवार शाम यहां पहुंचा था। स्कूल की शिक्षिका ने बताया कि विद्यार्थियों को लेकर हल्द्वानी तक तीन बसें आई थीं यहां से पांच बसों से बच्चे भ्रमण के लिए मुक्तेश्वर पहुंचे थे। बुधवार शाम मुक्तेश्वर भ्रमण पर जाने के लिए जैसे ही बस में बैठे तभी बस सड़क से ढलान की ओर आगे बढ़ गई और खेत में पलट गई। हादसे में बस चालक के अलावा स्कूली छात्र रोबिन, दिव्यांशु, श्रेयांश, प्रद्युमन और शिखर घायल हो गए। सभी छात्रों की उम्र 17 वर्ष बताई गई है। शिक्षिका ने बताया कि बस में केवल पांच बच्चे थे। उन्हें उपचार के लिए हल्द्वानी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी बच्चों के परिजनों को सूचना दे दी गई है, वे हल्द्वानी के लिए चल दिए हैं। उन्होंने बताया कि यह टूर पांच दिन का था, बुधवार को मुक्तेश्वर और बृहस्पतिवार को नैनीताल, फिर जिम कॉर्बेट भ्रमण का कार्यक्रम था। टूर पर बच्चों के साथ 14 शिक्षक- शिक्षिकाएं आएं हैं। इधर थानाध्यक्ष कमित जोशी ने बताया कि हादसे की सूचना 112 के माध्यम से मिली थी। पुलिस ने मौके पर जाकर रेस्क्यू करते हुए सभी को बाहर निकाला। बस चालक कैलाश जोशी निवासी नवाबी रोड, हल्द्वानी और छात्र प्रद्युमन पुत्र मोहन सिंह निवासी पश्चिमी विहार, नई दिल्ली को हल्की चोटें आ गई। बस चालक को उपचार के लिए पदमपुरी सीएचसी ले गए। डॉक्टरों ने चालक को छुट्टी दे दी। वहीं छात्र को विद्यालय प्रबंधन उपचार के लिए हल्द्वानी ले गया।




# पांचों लोकसभा सीटों पर होगी भाजपा की ऐतिहासिक जीत:मिश्रा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्रा टिंकू ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी उत्तराखंड की पांचो सीट पर ऐतिहासिक जीत हासिल करेगी और केंद्र में भाजपा की सरकार बनेगी।



जारी बयान में धीरेंद्र मिश्रा ने कहा कि पूरे देश में भाजपा की प्रचंड लहर चली है देश में लोकसभा चुनाव के 6 चरणों का मतदान पूरा हो चुका है और इन 6 चरणों के मतदान में ही भाजपा पूर्ण बहुमत से आगे है। वही उत्तराखंड की भी पांचो लोकसभा सीट भाजपा के मुकुट में मणी का कार्य करेगी। जिस प्रकार से राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य की पांचो लोकसभा सीट के लिए जन सहयोग से अपील की वह अब सार्थक होती हुई नजर आ रही है। उधम सिंह नगर नैनीताल लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी अजय भट्ट 5 लाख से अधिक वोटो से जीत हासिल करेंगे और एक नया इतिहास बनाएंगे। उन्होंने कहा कि देश का युवा, किसान, महिलाएं और हर वर्ग का व्यक्ति आज भाजपा की ओर ही आशा भरी निगाहें से देख रहा है क्योंकि भाजपा ही सर्व समाज का विकास कर सकती है और केंद्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को विकास के नए आयाम पर लेकर जाएंगे और देश का चहुंमुखी विकास करेंगे।

# सहकारी समितियां कर्मचारी यूनियन के प्रकाश पुनः अध्यक्ष

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सहकारी समितियां कर्मचारी यूनियन नैनीताल ऊधम सिंह नगर की नई कार्यकारणी का गठन किया गया। जिसमे प्रकाश जोशी को एक बार पुनः यूनियन का अध्यक्ष चुना गया। पूर्वी रुद्रपुर बगवाड़ा सहकारी समिति में सहकारी समितियां कर्मचारी यूनियन की बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें सर्व सहमति से यूनियन की नई कार्यकारणी का गठन किया गया। नैनीताल व ऊधम सिंह नगर के प्रतिनिधियों व कर्मचारियों द्वारा सर्व सहमति से प्रकाश जोशी को पुनः अध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही सितारगंज के शुभम त्यागी को सचिव, दिनेशपुर के राजवीर सिंह यादव को उपाध्यक्ष, काशीपुर के हरीश जोशी को कोषाध्यक्ष, जसपुर के सुरेन्द्र पाल सिंह को उप सचिव बनाया गया। अध्यक्ष प्रकाश जोशी ने सभी कर्मचारियों का धन्यवाद करते हुए एक जुट होने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि कर्मचारी हित में जो भी संभव होगा किया जाएगा। किसी भी कर्मचारी का बेवजह उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं होगा। कर्मचारियों की जो भी समस्याएं होंगी उनको दूर करने के लिए दिन रात संघर्ष करना पड़ा तो पीछे नहीं हटेंगे। सचिव शुभम त्यागी ने कहा कि कर्मचारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। साथ ही उनकी समस्याओं को विभागीय अधिकारियों के समक्ष रखकर समाधान कराया जाएगा। बैठक में सभी कर्मचारियों ने नई कार्यकारणी का गठन होने पर चुने गए पदाधिकारियों को फूल माला पहनाकर उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी। इसके बाद मिष्ठान वितरण किया गया।इस मौके पर रमेश जोशी, रमन चौधरी, शुभम चौधरी, दिलजीत सिंह, पंकज अरोरा, राज कुमार शर्मा, दलजिंदर सिंह, सचिन कुमार, ऋषभ शर्मा, लक्ष्मण सिंह, चेतन बमेटा, बलवंत रावत, लोकेश भट्ट, सतीश जोशी, इकबाल अहमद, पंकज कश्यप, रवि सागर, प्रकाश पनेरू आदि मौजूद थे।



# बस्तियों में दी चाइल्ड हेल्पलाइन की जानकारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जनपद ऊधम सिंह नगर में महिला कल्याण विभाग अंतर्गत देखरेख एवं संरक्षक की आवश्यकता बच्चों हेतु चाइल्ड हेल्पलाइन संचालित है। जो कि सहायता हेतु 24 घंटे नि:शुल्क आपातकालीन सेवा है जिसमें नि:शुल्क परामर्श सेवाएँ प्रदान की जाती हैं। रूद्रपुर में चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम द्वारा स्टेडियम के नजदीक स्थित बस्ती में महिलाओं एवं बालिकाओं को टोल फ्री नंबर 1098 के संबंध में जानकारी दी तथा मासिक धर्म स्वच्छता, किशोर न्याय अधिनियम तथा पॉक्सो अधिनियम के साथ साथ महिला संबंधी कानून की भी जानकारी दी गई।



# छात्र-छात्राओं ने मानसखंड विज्ञान केंद्र का किया शैक्षिक भ्रमण

नैनीताल (उद संवाददाता)। डीएसबी परिसर के एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर वनस्पति विज्ञान के छात्र छात्राओं ने शैक्षिक भ्रमण के अंतर्गत मानसखंड विज्ञान केंद्र पांडेखोला अल्मोड़ा में महत्पूर्ण जानकारी हासिल की । संस्थान के प्रभारी एमिरेट्स साइंटिस्ट तथा फेलो ऑफ नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज पूर्व निदेशक एचएफआरआई शिमला डॉक्टर एसएस सामंत ने संस्थान की महत्पूर्ण जानकारी दी तथा बताया कि मानासखंड विज्ञान केंद्र का उद्घाटन इस वर्ष 20 मार्च को किया गया उन्होंने मानस खंड की महत्ता भी बताई। संस्थान में विज्ञान केंद्र एवं विज्ञान के रहस्य जानने के बाद परंपरागत औषधीय पौध केंद्र में यूनानी ,आयुर्वेदिक ,पंचकर्म की जानकारी ली ,पर्वतीय क्षेत्र जैव विविधता केंद्र में पौधो की विविधता,जलवायु परिवर्तर केंद्र में न्यूनीकरण,हिमनद ,पिंडारी ग्लेशियर ,तथा इसके प्रभाव की जानकारी हासिल की ,इनक्यूबेशन सेंटर तारामंडल में सप्तऋषि ,ध्रुव तारा ,तथा कहानियां भी जानी एवम आकाश मंडल की जानकारी हासिल की। संस्थान में विद्यार्थियों को विद्यार्थी ने ककड़ी घाट में शिव मंदिर में पीपल का वृक्ष को भी देखा जिसमें स्वामी विवेकानंद ने ज्ञान प्राप्त किया था ।विद्यार्थियों ने कैंची धाम स्थित मंदिर जिसे नीम करौली महाराज द्वारा स्थापित किया के दर्शन भी किये तथा सभी के स्वस्थ रहने की कामना की। विभागाध्यक्ष प्रो एसएस बरगली के निर्देशन में आयोजित तथा प्रो ललित तिवारी के नेतृत्व में आयोजित इस शैक्षणिक भ्रमण में डॉक्टर नवीन पांडे ,डॉक्टर हिमानी कार्की ,जगदीश पपनाए ,गोपाल बिष्ट ,लता नितवाल ,श्रुति शर्मा ,कविता ,नीतेश ,अभिषेक , गुरुसाहिबा ,प्रीति ,शिवानी ,ऋचा ,आदि विद्यार्थी शामिल रहे।



# ट्रांसप्लांट किये जाने वाले पेड़ों की डीपीआर करें तैयार : डीएम

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शहर में प्रस्तावित 13 चौराहों के चौड़ीकरण की जद में आ रहे पेड़ों के ट्रांसप्लांटेशन और रिलोकशन को लेकर डीएम वंदना ने वन, लोनिवि, राजस्व और ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ के साथ कैंप हल्द्वानी में बैठक ली। सिटी मजिस्ट्रेट ने जानकारी दी कि ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ के साथ सर्वे कर लगभग 40 पेड़ो को चिन्हित कर लिया गया है। इन 13 चौराहों की जद में तकनीकी रूप से संभव पेड़ो को ट्रांसप्लांट करने का प्रयास किया जायेगा।जिलाधिकारी ने कहा कि उन्हीं पेड़ो को ट्रांसप्लांट रिलोकेट किया जायेगा जिनकी सरवाइव होने की 80 प्रतिशत संभावना रहेगी। उन्होंने कहा कि इन चौराहों के चौडीकरण से ट्रैफिक में आने वाले अवरोधक दूर होंगे। इसके साथ ही नैनीताल रोड से लगते हुए लगभग 12 पार्कों की लैंडस्केपिंग भी की जाएगी। जिससे यहां से कुमाऊं के अन्य जनपदों की और जाने वाले पर्यटक पहाड़ के स्वरूप से जुड़ाव महसूस कर पाएंगे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने कहा कि जिन पेड़ो को ट्रांसप्लांट किया जाना है। उनकी डीपीआर तैयार करने के निर्देश ईई लोनिवि को दिए। इसके साथ ही नैनीताल के हाईवे से लगते हुए 12 पार्कों में लैंडस्केपिंग की जाएगी जिसके लिए पीडब्ल्यूडी को नोडल तथा वन और नगर निगम को सहायक नोडल अधिकारी नामित किया है। ट्रांसप्लांटेशन एकबायलॉजिकल प्रोसेस है जिसमें पेड़ को रूट को काट कर केमिकल का छिड़काव किया जाता है। इसके बाद उसमे नई जड़ों को लाया जाता है फिर पैक, लिफ्ट और अन्य जगह ट्रांसपोर्ट किया जाता है। बैठक में नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, डीएफओ यूसी तिवारी, एसडीएम हल्द्वानी परितोष वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



# बैडमिंटन प्रतियोगिता के सिंगल्स में बीकेस चैंपियन

पंतनगर(उद संवाददाता)। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब द्वारा दो दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 2023-24 का आयोजन किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के कर्मियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के सिंगल्स में बीकेस व डबल्स जोड़ी में बीकेस व योगेश पंत की जोड़ी चैम्पियन रही।विवि के स्टीवेंसन स्टेडियम के बैडमिंटन हॉल में आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता में कुल 10 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। सिंगल्स प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल में रजत शर्मा ने अमित जोशी को तथा दूसरे सेमीफाइनल में बीकेस ने हसन बेग को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में बीकेस ने सीधे सेटों में रजत शर्मा को हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। जबकि डबल्स के सेमीफाइनल में बीकेस व योगेश पंत की जोड़ी ने डा. संजय श्रीवास्तव व अशोक कुमार की जोड़ी को तथा दूसरे सेमीफाइनल में अमित जोशी व रजत शर्मा की जोड़ी ने हसन बेग व विनोद जोशी की जोड़ी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में बीकेस व योगेश पंत की जोड़ी ने अमित जोशी व रजत शर्मा की जोड़ी को सीधे सेटों में हराकर चौम्पियन होने का गौरव प्राप्त किया। निर्णायक की भूमिका में अखिल रोहेला व विपिन कुमार रहे। इस अवसर पर बीके मिश्रा, प्रभाकर जोशी, सुदीश राय, अखिल रोहेला, संतोष कुमार सिंह, कमल पाण्डे, निलेश, पुरूषोत्तम चौहान, राजेश साह, विपिन कुमार मौजूद रहे।

# वन विभाग ने खैर की लकड़ी के साथ तस्कर पकड़ा

लालकुआं(उद संवाददाता)। तराई केंद्रीय वन प्रभाग की टांडा रेंज और पीपलपढ़ाव रेंज की सयुंक्त वन विभाग की टीम ने अवैध खैर की लकड़ी के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।वन तस्कर खैर की अवैध लकड़ी को एक पिकअप वाहन में लादकर ले जा रहा था। गुप्त सूचना पर वन विभाग की टीम ने यहां कार्रवाई की। पूरे मामले में वन विभाग की टीम ने आरोपी तस्कर के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर पिकअप वाहन को सीज कर दिया है। पकड़ी लकड़ी की किमत लगभग दो लाख रुपए से अधिक बताई जा रही हैं। इधर पूरे मामले की जानकारी देते हुए के टाड़ा रेंज के वन क्षेत्राधिकारी रूपनारायण गौतम ने बताया कि मंगलवार की देर लगभग 11 बजे पीपलपढ़ाव रेंज की वन टीम गश्त कर रही थी। तभी मुखबिर से तस्करी की सूचना मिली मुखबिर ने बताया कि पीपलपढ़ाव रेंज के दलपुरा मंदिर के पास एक पिकअप में बेशकीमती अवैध खैर की लकड़ी को ले जाया जा रहा है। सूचना मिलने के बाद पीपलपढ़ाव रेंज की वन विभाग टीम ने टाड़ा रेंज के वन क्षेत्राधिकारी रूपनारायण गौतम को दी जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची जहां वन विभाग की टीम ने घेराबंदी कर पिकअप वाहन संख्या यूपी22एटी -6416 को रोकने की कोशिश की लेकिन चालक ने वाहन की गति बढ़ा दी। वहीं टीम ने पीछा कर वाहन को पकड़ लिया और चेक करने पर अवैध खैर की लकड़ी की बरामद हुई। जिसकी कीमत करीब दो लाख बताई जा रही है। वही पुछताछ में आरोपी ने अपना नाम मोहन लाल पुत्र राम स्वरूप निवासी कठपुलिय डाम अदंर हाल निवासी ढाई नम्बर थाना गुलरभोज का बताया है वही आरोपी ने जंगल से लकड़ी तस्करी का अपराध स्वीकार किया है। उन्होंने बताया कि आरोपी वन तस्कर के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जबकि वाहन को सीज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इधर टीम में मुख्य रूप से वन क्षेत्राधिकारी रूपनारायण गौतम, उप वन क्षेत्राधिकारी रमेश आर्या, वन दरोगा पान सिंह मेहता, सुरेन्द्र सिंह, राहुल कुमार, रूस्तम सिंह, कमल मौर्या सहित कई वनकर्मी रहे।



# जॉब लगाने के नाम पर युवक से सात लाख ठगे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ऑनलाइन ठगी का एक और मामला सामने आया है। जॉब लगाने के नाम पर अज्ञात व्यक्ति ने ऑन लाइन एक युवक से सात लाख रुपए ठग लिए। पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज करने के बाद पुलिस जांच में जुटी है। युवक ने तहरीर में बताया कि उसके व्हाट्सएप पर किसी अनजान नंबर से जॉब का मैसेज आया। उसने उस नंबर पर बात की तो उस व्यक्ति ने उसे एक लिंक वाला मैसेज भेजा। उस पर 210 रुपए भेज दिए। उसने बताया कि इसके बाद किसी महिला से उसकी बात होने लगी। महिला ने उससे क्रोप्टो में रुपया लगाने की बात कही। इसके बाद उसने यूपीआई के माध्यम से महिला को 1000 रुपए भेज दिए। तो महिला ने उसका ऑक्स पर एक अकाउंट बना दिया। वहा से एक अनजान युवक ने उसे टेलीग्राम में जोड़ दिया। अज्ञात युवक ने बताया कि वह उसे क्रोप्टो में इन्वेस्ट करना सिखाएगा। इसके बाद उससे बातें होने लगी। सबसे पहले जो उसने 1000 रूपये महिला द्वारा दिए गए लिंक में डाले थे। उसके बदले उसे महिला ने 1500 वापस कर दिए। इसके बाद 3000 रुपए इन्वेस्ट का 4300 रुपए वापस कर दिए। टेलीग्राम ग्रुप में चार लोग और थे। जो रुपए डालते थे। उनके द्वारा दिए खातों पर उसने भी रुपए डाल दिए। 17 मई को पीड़ित ने 7000 डाले, फिर 16750 रुपए डाले। इसके बाद 38400 डाले। 18 मई को 50 हजार, 45790 रुपए तो इसके बाद उन लोगों ने बाते करनी बंद कर दी। इस बीच फाइनेंस मैनेजर से बात हुई तो उसके द्वारा बताए गए अकाउंट में 232835 रुपए डाले गए। फिर 19 नई को 85000 रुपए, 225000 रुपए डाले गए। युवक का कहना है कि उसने कुल 700775 रुपए उनके खाते में डाल दिए। उस दिन उन्होंने उसके खाते में 8 लाख की धनराशि दिखाई साथ ही कहा अगर यह धनराशि वापस चाहिए तो 30 हजार रूपए सर्विस फीस देनी होंगी। जब उसने कहा कि वह उसके खाते में से फीस की रकम काटकर बाकी रुपए उसे वापस कर दे तो उन्होंने मना कर दिया। तब उसे अहसास हुआ कि उसके साथ ठगी हो गई है। इसके बाद उन्होंने उसका क्रिप्टो अकाउंट भी डिलीट कर दिया। युवक ने पुलिस से रकम वापसी की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मोबाइल टावर के विरोध में कालोनी वासियों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

रामनगर(उद संवाददाता)।शहर की पंजाबी कॉलोनी में रहने वाले दर्जनों लोगों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एसडीएम राहुल शाह को ज्ञापन सौंपकर कॉलोनी में लग रहे अवैध मोबाइल टावर पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। कॉलोनी के लोगों का कहना था कि यहां पर रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा बिना किसी अनुमति के यहां पर मोबाइल टावर लगाया जा रहा है जिससे भविष्य में यहां रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर जाएं और प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा तो वही लोगों को कई अन्य प्रकार की परेशानियों का भी सामना करना पड़ेगा उन्होंने मोबाइल टावर लग रहे व्यक्ति पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए उसकी जांच कराने की भी मांग की है। मामले में एसडीएम राहुल शाह ने बताया कि पूर्व में भी इस प्रकार की शिकायत मिली थी इसके बाद मौके पर नगर पालिका की टीम ने टावर के निर्माण कार्य पर रूप लगा दी थी उन्होंने बताया कि अब फिर से शिकायत क्षेत्र के लोग कर रहे हैं उन्होंने कहा कि मोबाइल टावर लगा रहे व्यक्ति द्वारा किसी प्रकार की कोई अनुमति नगर पालिका से नहीं ली गई है एसडीएम ने कहा कि इस मामले में नगर पालिका एवं प्राधिकरण को कार्रवाई करने के लिए कहा गया है साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यदि यह टावर अवैध तरीके से लगाया जा रहा होगा तो संबंधित मोबाइल कंपनी को भी नोटिस देने की कार्रवाई की जाएगी।



# यूपी से उत्तराखंड में प्रतिदिन आ रही करोड़ों की ईंट

## सुविधा शुल्क के दम पर बॉर्डर पार कर रहे ट्रक व ट्रैक्टर ट्रॉलियां

काशीपुर( उद संवाददाता)। पुलिस एवं प्रशासन की गलत नीतियों के कारण राज्य की सीमा भी अब महफूज नहीं रही। बॉर्डर पर स्थापित पुलिस चौकियां कमाई का साधन बन चुकी है। अलीगंज रोड, दढियाल रोड, मुरादाबाद रोड एवं जसपुर के सन्यासी वाला क्षेत्र से उत्तराखंड की सीमा में प्रवेश करने वाले ईट भरे वाहनों से प्रतिदिन करोड़ों रूपयों की ईंट यूपी से उत्तराखंड लाई जा रही है। ढेला पुल पर आधा दर्जन से अधिक ईंटों से भरे वाहन बिक्री के लिए खड़े रहते हैं। इसी तरह रामनगर रोड पर राजकीय चिकित्सालय से स्टेडियम के बीच दर्जनों स्थानों पर सड़क किनारे ईंट व रेता बजरी की दुकानें यातायात को



बुरी तरह बाधित कर रही है। ऐसे ही मार्ग को अतिक्रमण कर कुंडा थाना क्षेत्र में हरिया वाला रोड पर दर्जनों स्थानों पर ईट रेता बजरी का खुलेआम काम किया जा रहा है। मुरादाबाद रोड बाजपुर रोड कुंडेश्वरी रोड के अलावा आईटीआई थाना क्षेत्र में भी दर्जनों स्थानों पर ईट रेता बजरी का बड़ा कारोबार है। क्या कभी किसी ने सोचा कि इतने बड़े पैमाने पर ईंटों की भारी भरकम खेप आखिर कहां से लाई जा रही है। ऐसे ही कृषि अनाज मंडी के ठीक सामने ढेला पुल के छोर पर पिछले कुछ समय लग रही ईंटों की मंडी ने स्थानीय पुलिस की कार्यशैली पर एक बार फिर से सवाल खड़े कर दिए। ईंटों के यह कारोबारी यूपी के ठाकुरद्वारा से राज्य की सीमा में प्रवेश करते बताए जा रहे हैं। अब यहां सवाल यह उठता है कि क्या ईंट कारोबारी राज्य में प्रवेश करते हुए बिक्री कर की अदायगी कर रहे हैं या फिर सुविधा शुल्क के दम पर गैर कानूनी तरीके से कारोबार को अंजाम दिया जा रहा है। कुल मिला कर इस पूरे प्रकरण में मजे की बात यह है कि ढेला पुल यानी मुरादाबाद रोड से होकर वीवीआईपी, वीआईपी के अलावा जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन के उच्च अधिकारियों का लगातार आवागमन बना रहता है लेकिन इसके बावजूद गोरखधंधे की अनदेखी की जा रही है।

### पैगा और सूर्या चौकी से होती है अवैध वसूली की शुरुआत

काशीपुर। मुरादाबाद के चंदोसी, संभल बहजोई एवं ठाकुरद्वारा आदि इलाकों से ईंटों की भारी भरकम खेप लेकर तड़के जब ट्रक एवं ट्रैक्टर ट्रालियां उत्तराखंड की सीमा में प्रवेश करती हैं तो सूत्रों का कहना है कि कई स्थानों पर उन्हें पुलिस को चढ़ावा चढ़ाना पड़ता है। राज्य की सीमा पर स्थापित पैगा व सूर्या पुलिस चौकी से इसकी शुरुआत होती है। अलीगंज अड्डे पर एक शख्स ऐसे वाहनों से सुविधा शुल्क वसूल करता है। इसी तरह टांडा चौराहे पर भी रात भर एक प्राइवेट व्यक्ति द्वारा खनन एवं ईंट भरे वाहनों से जमकर अवैध उगाही की जाती है। इसी तरह मुरादाबाद रोड पर फोर लेन के नीचे रात के अंधेरे में खड़ा एक शख्स वाहनों से अवैध वसूली करता बताया जा रहा है। इस तरह की तमाम प्रक्रियाओं से गुजरने के बाद कहीं जाकर ईंट एवं अवैध खनन से भरे वाहन महफूज तरीके से गंतव्य तक पहुंच पाते हैं।

# बौर जलाशय में नहा रहे युवक की डूबने से मौत

गुलरभोज ( उद संवाददाता) ।बिलासपुर क्षेत्र से बौर जलाशय में दोस्तों के साथ घूमने आए युवक की नहाते समय डूबने मौत हो गई। पुलिस ने एनडीआरएफ की मदद से छह घंटे की मशक्कत के बाद शव को जलाशय से बाहर निकाला। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने पंचनामा भरकर के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिलासपुर, रामपुर के टेमरा निवासी 20 वर्षीय नीतीश पुत्र मकसूदन निजी कंपनी में कार्य करता था। बुधवार को नीतीश अपने दोस्त अजय, सत्येंद्र, कमल, हितेश और पिंटू के साथ बौर जलाशय घूमने आया था। दोपहर करीब एक बजे नीतीश बैराज में मुहाने के डाउनस्ट्रीम में नहाने के लिए उतर गया और गहरे पानी में समा गया। सूचना पर चौकी प्रभारी जीडी भट्ट घटना स्थल पर पहुंच गए। स्थानिय तैराकों के प्रयास के बाद भी नीतीश नहीं मिला तो गदरपुर से एनडीआरएफ 15 बटालियन की टीम को बुलाया गया। करीब छह घंटे की मशक्कत के बाद शव निकाला गया। युवक का शव देख परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# वनभूलपूरा हिंसा को लेकर सरकार की भूमिका पर उठाए सवाल

रामनगर( उद संवाददाता) ।बीती 8 फरवरी को हल्द्वानी के बनभूलपुरा क्षेत्र में हुई हिंसा को लेकर हुए घटनाक्रम के बाद कौमी एकता मंच के 15 सदस्यों की गठित एक टीम ने इस इलाके में जाकर फैक्ट फाइंडिंग रिपोर्ट तैयार किया। इस रिपोर्ट को लेकर बुधवार को मंच के सदस्यों द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया जिसमें मौजूद सदस्यों ने पूरे घटनाक्रम को लेकर अधिकारियों की भूमिका पर कई सवाल खड़े किए साथ ही उन्होंने अपनी इस रिपोर्ट में सरकार को भी कटघरे में खड़ा किया है। उनका कहना था कि घटनाक्रम के दिन पुलिस की ओर से करीब 350 राउंड फायरिंग की गई जिसमें 6 लोगों की मौत हुई इस मामले में पुलिस ने अभी तक कोई




मुकदमा दर्ज नहीं किया है। उनका आरोप था कि घटना के बाद पुलिस व प्रशासन की टीम ने यहां रह रहे लोगों के साथ बर्बरतापूर्ण व्यवहार करते हुए लोगों के साथ मारपीट करने के साथ ही उनके घर में रखे सामान को भी पूरी तरह तहस-नहस कर दिया। उन्होंने कहा कि इस घटनाक्रम में अगर देखा जाए तो पूरी तरह मजदूर वह बेसहारा लोग इसका शिकार हुए हैं। उन्होंने कहा कि मौके पर मौजूद अधिकारियों का जो व्यवहार होना चाहिए था वह देखने को नहीं मिला तथा इस रिपोर्ट में अधिकारियों का पक्ष भी शामिल करने को लेकर कई बार वार्ता की गई लेकिन उन्हें समय नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि इस घटनाक्रम में कहीं ना कहीं सरकार की भूमिका भी संदिग्ध है तथा सरकार लव जिहाद और लैंड जिहाद के नाम पर गरीबों का उत्पीड़न कर रही है। उन्होंने अपनी इस रिपोर्ट में सरकार व अधिकारियों पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए घटना में घायलों को पांच लाख रुपए तथा मृतकों के परिजनों को 25 लख रुपए का मुआवजा देने के साथ ही पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस रिपोर्ट को अब डीएम,एसएस पी और मुख्यमंत्री को भी भेजने के साथ ही हाई कोर्ट व सुप्रीम कोर्ट का भी सहारा लिया जाएगा।

# मुख्यमंत्री धामी ने किये स्वर्ण मंदिर के दर्शन

देहरादून (उदसंवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंजाब लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान अमृतसर स्थित हरमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर) के दर्शन किए, मत्था टेका और गुरुवाणी का पाठ सुनने के बाद दरबार साहिब में सेवा भी की। इस दौरान सीएम धामी ने प्रदेश और देशवासियों की सुख-समृद्धि की अरदास की। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारी मतों से विजयी बनाकर तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की भी अरदास की। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि रागी भाइयों के शबद-कीर्तन के बीच गुरु ग्रंथ साहिब के दर्शन आत्मीय सुख प्रदान करने वाले थे। दरबार साहिब में दर्शन के बाद परिसर में सेवा करने का भी सौभाग्य प्राप्त किया।










# मतगणना के लिए सभी व्यवस्थाएं पूर्ण

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को दी आवश्यक जानकारी



बागेश्वर(उद संवाददाता)।लोक सभा चुनाव की आगामी चार को होने वाली मतगणना के सफल संपादन को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराधा पाल ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बुध वार को कलेक्ट्रेट के सूचना विज्ञान कक्ष में आयोजित बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के पदाधि कारियों को मतगणना की तैयारियों एवं चुनाव आयोग की ओर से जारी दिशा निर्देशों की जानकारी दी। सभी पदाधि कारियों से सहयोग की अपेक्षा भी की है।जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिले की दोनों विधानसभाओं की मतगणना के लिए एआरओ टेबल के साथ 14-14 टेबल लगाई जाएंगी। साथ ही पूरी मतगणना सीसीटीवी की कड़ी निगरानी में होगी, इसके लिए आठ सीसीटीवी कैमरे लगाएं गए है। मतगणना के चक्रवार प्रदर्शन के लिए बोर्ड और सीसीटीवी के माध्यम से भी सीधा देखा जा सकता है। जिला निर्वाचन अधिकरी ने कहा कि सभी पार्टियों के एजेंड मतगणना के समाप्ति तक मतगणना केंद्र में उपस्थित रहेंगे तथा मतगणना केंद्र में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, मोबाइल फोन ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। इसलिए कोई भी एजेंड मतगणना हॉल में मोबाइल न ले जाएं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों को अपने अभिकर्ताओं की नियुक्ति समय पर करते हुए निर्धारित प्रारूप पर इसकी जानकारी संबंधित एआरओ को उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने कहा कि मतगणना केंद्र में मीडिया सेंटर बनाया गया है, जिसमें मीडिया के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। मतगणना के दिन राजनीतिक दलों की मौजूदगी में स्ट्रांग रूम खोला जाएगा। प्रत्येक मतगणना टेबल पर एक माइक्रोआब्जर्वर की तैनाीत के अलावा प्रेक्षक के साथ मतगणना हॉल में दो अतिरिक्त माइक्रोआब्जर्वर एवं एक मतगणना सहायक की नियुक्ति की गयी है। उन्होंने कहा कि मतगणना केंद्र को त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में रखा गया है, जिसमें प्रथम सुरक्षा घेरे में पुलिस, द्वितीय में सशस्त्र बल व तृतीय सुरक्षा घेरे में केंद्रीय सशस्त्र बल की तैनाती की गई है। बैठक में अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल, उपजिलाधिकारी मोनिका, अनुराग आर्या, पुलिस उपाध ीक्षक अंकित कंडारी जिलासूचना अधि कारी सुरेश कुमार सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि भाजपा से रवि करायत, कांग्रेस के गोविंद गिरि गोस्वामी मौजूद थे।

# सीडीओ ने पालड़ी गांव का किया निरीक्षण

बागेश्वर(उद संवाददाता)। मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने खरही क्षेत्र के पालड़ी गांव सहित अलग-अलग क्षेत्रों में विभिन्न विभागों की योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उद्यान विभाग की योजना के तहत बन रहे कीवी पौंधरोपण कार्यों का जायजा लिया। मुख्य विकास अधिकारी ने जोशीपालड़ी गांव के सुरेंद्र सिंह के कीवी पौंधरोपण की जानकारी ली। प्रगतिशील किसान ने



बताया कि पिछले वर्ष उन्होंने 20 नाली खेत में कीवी के 133 पौंधों का रोपण किया। केवल डेढ वर्ष में उन्हें अच्छा परिणाम मिलने लगा है। उनके कीवी के पौंधे में फल लगने शुरू हो गए हैं। उत्साहित होकर उन्होंने इस सीजन में फिर 10 नाली का खेत तैयार कर उसमें 67 पौंधे कीवी के लगाए हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने प्रगतिशील किसान के प्रयासों की सराहना की। कहा कि किसानों को अच्छी आमदनी होने के साथ ही घर में रोजगार भी मिल रहा है। उन्होंने अन्य किसानों को भी कीवी बागवानी के प्रति रूचि दिखाते हुये काम करने को कहा। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि कीवी के पौंध लगभग दो वर्ष में फल देने लगते हैं। लेकिन अच्छी आवोहवा, मेहनत करने पर डेढ़ वर्ष में ही फलत हो जाती है। इस मौके पर परियोजना निदेशक शिल्पी पंत, खंड विकास अधिकारी आलोक भंडारी, सहायक उद्यान अधिकारी कुलदीप जोशी आदि उपस्थित थे।

# बीमा कंपनी को 64,147 भुगतान करने का आदेश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। स्थाई लोक अदालत उधम सिंह नगर ने बीमा कंपनी को स्वास्थ्य बीमा राशि के रूप में 64147 रुपए का भुगतान करने का आदेश पारित किया है। जानकारी के अनुसार वादी राजकुमार ने अपने अधिवक्ता के द्वारा एक प्रार्थना पत्र स्थाई लोक अदालत में प्रस्तुत किया था। जिसमे उन्होंने बताया कि नीवा बूपा हेल्थ बीमा कंपनी से उनके द्वारा एक हेल्थ पॉलिसी ली गई थी। हेल्थ पॉलिसी जारी रहने के दौरान उसका स्वास्थ्य खराब हो गया। जिसमें उन्होंने पेट संबंधित बीमारी का इलाज करवाया। जिसमें उनका 64147 रुपए खर्च हुआ। उसको यह धनराशि बीमा कंपनी ने देने से इनकार कर दिया। उसके प्रार्थना पत्र पर विचार करते हुए स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह, सदस्य श्रीमती अर्चना पियूष पंत एवं अब्दुल नसीम ने बीमा कंपनी को एक माह के भीतर 64147 रुपए वादी को भुगतान करने का आदेश पारित किया।

# स्वच्छता एवं सर्वाइकल कैंसर पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित





देहरादून(उद संवाददाता)। एल्डा फाउंडेशन ,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र , कम्युनिटी मेडिसिन, राजकीय दून मेडिकल कॉलेज मेंहूवाला द्वारा आशा कार्यकर्ताओं एवं अन्य महिलाओं के लिए पीरियड फ्री इंडिया स्वच्छता एवं सर्वाइकल कैंसर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया ।कार्यशाला में बड़ी संख्या में महिलाओं ने प्रतिभाग किया। एल्डा फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ0 पूजा शाहीन ने बताया कि उनकी संस्था विगत लम्बे समय से सर्वाइकल कैंसर के लिए जागरूकता अभियान चला रही है साथ ही आशा कार्यकर्ताओं किशोरियों एवं अन्य महिलाओं को सेनेटरी पैड एवं जागरूकता सामग्री का वितरण भी किया जा रहा है , इस दौरान किशोरावस्था में होने वाले शारिरिक बदलाव व माहवारी के दिनों में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में राजकीय दून मेडिकल कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ आशुतोष सायना ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इससे बच्चियों व महिलाओं को स्वस्थ रखने में मदद मिलेगी। राजकीय दून कॉलेज की तरफ से डॉक्टर ऋचा सिंन्हा द्वारा विश्व माहवारी दिवस की जागरूकता दी गई, एवं डॉक्टर अनुपमा द्वारा आशा कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित किया गया। संस्था की तरफ से अध्यक्ष डॉक्टर पूजा ,उपाध्यक्ष विमला भसीन एवं अणिमा दवे मौजूद रहे। दून कॉलेज की तरफ से कम्युनिटी मेडिसिन संकायाध्यक्ष डॉक्टर अनुपमा आर्य,डॉक्टर ऋचा सिंन्हा ,डॉक्टर मधुलिका मेडिकल प्रशिक्षु एवं मेडिकल सोशल वर्कर उपस्थित रहे।

# अतिक्रमण मुद्दे पर भूस्वामी और व्यापार मंडल अध्यक्ष के बीच तनातनी और बढ़ी

बागेश्वर(उद संवाददाता)। अतिक्रमण मुद्दे पर नगर में बने प्रतिष्ठित मॉल के निर्माण में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने, के मामले में उच्चन्यायालय में चल रहे वाद के निपटारे के सुलह समझौते के लिए भू स्वामी द्वारा नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष कवि जोशी को उसके घर जाकर समझौते के लिए कहने,और दायर याचिका वापस लेने और इसके एवज में पैसे देने का प्रलोभन देने के आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस में तहरीर दी है।प्राथमिकी में व्यापार मंडल अध्यक्ष कवि जोशी ने होटल स्वामी पर उच्चन्यायालय द्वारा भू स्वामी के खिलाफ कार्रवाई का आदेश मिलने पर उसके लिए किसी भी प्रकार से कोई भी नुकसान होने पर जिम्मेदारी लेने की बात कहने और आत्महत्या कर लेने और उसका जिम्मेदार होने की धमकी देने के आरोप लगाते हुए पुलिस में होटल स्वामी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।उन्होंने होटल स्वामी पर मामले में दायर याचिका को वापस लेने का दबाव बनाने, पैसे का प्रलोभन देने सहित भविष्य में होटल व्यवसायी से जानमाल का खतरा होने की प्राथमिकी दर्ज कराई है।वही मामले में कोतवाल कैलाश नेगी ने बताया कि मामले में पहले प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई की अपील होनी थी, मामले में अभी मिली तहरीर के आधार पर पुलिस द्वारा किसी भी पक्ष के खिलाफ कोई मुकदमा दर्ज नही कराया गया है।

# डायलसिस सेंटर से महंगे इंजेक्शन चोरी करने वाला पूर्व कर्मी गिरफ्तार

बागेश्वर(उद संवाददाता)। ट्रामा सेंटर के समीप स्थापित हंस फाउंडेशन के डायलसिस सेंटर में खिड़की तोड़कर सेंटर में रखे महंगे इंजेक्शन चोरी करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में डायलसिस सेंटर के प्रभारी आशुतोष कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें कहा था कि सेंटर में खिडकी का दरवाजा व जाली तोडकर डायलिसिस सैन्टर के अन्दर रखे 3,41,775 मूल्य लागत के 155



इंजेक्शन अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिये। जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर की। कोतवाल कैलाश नेगी ने टीम के साथ डायलसिस सेंटर का मौका मुआयना किया और मामले की जांच और विवेचना वरिष्ठ उपनिरीक्षक संजय बृजवाल को सौंपी। मामले में डायलसिस सेंटर के सभी कर्मचारियों से पूछताछ की गई। पूर्व में सेंटर में कार्य करने वाले कर्मी से भी पूछताछ की गई। पुलिस टीम को पूर्व में सेंटर में काम करने वाले एक कर्मी पर शक हुआ।जिसके बाद उससे पूछताछ करने पर उससे चोरी हुआ माल भी बरामद कर लिया। चोरी करने वाले आरोपी संजीव कुमार पुत्र रघुनन्दन निवासी नवाबगंज बरेली उत्तर प्रदेश को मांग के धारे के पास से चोरी किये गये 20 इंजेक्शन के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी द्वारा समण मन्दिर पुल के पास टूटी पहाडी की गुफा के अन्दर से एक पॉलीथीन के थैले में छुपाये हुए शेष 135 इन्जेक्शन भी बरामद किए गये।पुलिस ने बरामद चोरी किए गए सामान के आधार पर अभियोग में धारा 411 की बढोत्तरी की गई।आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।चोर को पकड़ने वाली टीम में एसएसआई संजय बृजवाल कांस्टेबल नरेन्द्र गोस्वामी ,चालक भुवन प्रसाद कांस्टेबल गिरीश बजेली एसओजी कांस्टेबल भुवन सिंह बोरा आदि मौजूद थे।

# जगत को नहीं, खुद को बदलने की जरूरत

आज हम सब एक ही बीमारी का शिकार हैं- वह है खुद को सही समझना और दूसरों में दोष ढूँढना स घर के बड़े- बुजुर्गों को बच्चों से शिकायत रहती है कि वे बड़ों का सम्मान नहीं करते, बच्चे बुजुर्गों को विघ्नकारी मानते हैं, जो उनको



हर बात में टोकते हैं और उनकी आजादी में रोड़ा अटकाते हैं स जनता सरकार को कोसती है, कर्मचारी अपने नियोक्ता में दोष ढूँढते हैं, नौकरीपेशा वाले व्यापारियों को टैक्स चोर समझते हैं, जबकि व्यापारी नौकरीपेशा वालों को मुफ्तखोर, जो बिना कुछ काम किये सिर्फ मोटा वेतन लेते हैं। किरायेदार को मकान मालिक लूटने वाला लगता है, ग्राहक दुकानदार को ठग समझता है, बहु को सास अच्छी नहीं लगती और सास को बहू आदि स सबसे मजेदार बात तो यह है कि आरोपी और प्रत्यारोपी यही कहते हैं कि हम तो सही हैं, पर दूसरे ही विश्वास के काबिल नही हैं स हम सिर्फ औरों के ही ऐबों पर नजर रखे हुए हैं, इन्हीं कारणों से ही हम बेचौन, अशांत, दुखी, चिंतित और निराश नजर आते हैं स हमारे अन्दर जमी अहंकार, क्रोध, ईर्ष्या एवं लालच की परतें यह देखने ही नहीं देतीं कि जरूरत अपने भीतर के चक्र को सही करने की है क्योंकि:बुरा जो देखन में चला, बुरा न मिलिया कोय,जो दिल खोजा आपना, मुझसे बुरा न कोय। जब पड़ेगी अपनी ही बुराइयों पर नजर,तो निगाह में कोई बुरा ही नहीं रहेगा। अगर हम अपने बेचैन, अतृप्त और स्वरचित कष्टमय जीवन से मुक्त होना चाहते हैं तो जरूरत है खुद में परिवर्तन लाने की स जब मनुष्य अपनी गलतियों का वकील और दूसरों की गलतियों का जज बन जाता है, तो फैसले नहीं, फासले ही बढ़ते हैं स स्वामी विवेकानन्द ने बहुत ही अच्छी बात कही है कि चाहे हम घर को ' चैरिटी एसाइलम '(दान शरणस्थली ) बना लें, जमीन पर अस्पताल खोल लें, हम तब तक दु:ख को ही भोगेंगे जब तक हम अपना चरित्र नहीं बदलेंगे। यह सोचने की और समझने की जरूरत है कि जिन- जिन बुराइयों को हम देखते हैं, उनके प्रति हम कितने संजीदा हैं और उन्हें दूर करने के लिए कितने प्रयासरत हैं।

**प्रस्तुति- नरेश कुमार सेठ , रूद्रपुर**

# मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास

देहरादून(उद संवाददाता)। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) अपर जिला जज अर्चना सागर की अदालत ने छह साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के आरोपित को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा दोषी पर 20 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर एक महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। देहरादून में यह पहला मामला है, जब पॉक्सो कोर्ट में किसी दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। राज्य की ओर से नियुक्त सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अल्पना थापा के अनुसार, एक व्यक्ति ने मसूरी कोतवाली में तहरीर दी थी कि दो मार्च 2021 को वह मजदूरी करके शाम साढ़े छह बजे घर आया तो पत्नी ने बताया कि उनकी छह साल की बच्ची के साथ मदन शाही निवासी नेपाल ने कमरे में ले जाकर दुष्कर्म किया। इसके बाद बच्ची के काफी रक्तस्राव हुआ, जिसके चलते उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इस मामले में आरोपित के खिलाफ मसूरी कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया।

# घर में घुसकर परिजनों पर हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता) । ग्राम बिचुआ नानकमत्ता में गत 25 मई की रात कुछ दबंग लोगों ने एक घर में घुसकर परिजनों पर लाठी डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित परिवार ने एसएसपी से कार्रवाई की गुहार लगाई है। पीड़िता का कहना है कि 25 मई की रात्रि वह अपने परिवार के लोगों के साथ अपने घर पर थी कि तभी अचानक उसके घर में ग्राम के ही निवासी कुछ लोग हाथों में लाठी डण्डे लेकर घुस आये तथा गालियां देते हुए उसे व उसके पति के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। शोर होने पर उसकी नाबालिंग पुत्री व पुत्र ने हम दोनों को बचाने का प्रयास किया तो उक्त लोगों ने उनके साथ भी लाठी डण्डों मारपीट कर दी। घटना में सभी परिजनों को चोटें आई हैं।उक्त लोग जान से मारने की धमकियां देते हुए मौके से भाग गये। उक्त लोगो से जानमान का खतरा बना हुआ है।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# पशु आहार गोदाम में भड़की आग, करोड़ों का नुकसान

## किच्छा रोड बगवाड़ा में देर रात हुआ भीषण अग्निकाण्ड, पांच घंटों की मशक्कत के बाद बुझी आग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मध्य रात्रि ग्राम बगवाड़ा स्थित पशु आहार निर्माण फैक्ट्री के गोदाम में अचानक आग लग जाने से उसमें रखा करोड़ों रूपये कीमत का गेहूं, वारदाना व अन्य कीमती सामान जलकर राख हो गया। घटना की सूचना मिलने पर रूद्रपुर, सिडकुल, गदरपुर व किच्छा से पहुंचे दमकल कर्मियों ने लगभग पांच घंटों की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पाया। प्रातः घटना की जानकारी मिलने पर विधायक शिव अरोरा, समाजसेवी प्रीत ग्रोवर, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, पूर्व महामंत्री हरीश अरोरा सहित कई लोगों ने मौके पर पहुंचकर संस्थान स्वामी व उनके परिजनों से मुलाकात कर घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया। आग लगने का कारण ज्ञात नहीं हो सका है। जानकारी के अनुसार ग्राम बगवाड़ा में यहीं के निवासी अनमोल सिंह विर्क पुत्र बलदेव सिंह विर्क का बाबा दीप फीड कम्पनी नाम से प्रतिष्ठान है। जहां पशुओं का आहार निर्माण किया जाता है। बताया जाता है कि आज मध्यरात्रि करीब ढ़ाई बजे संस्थान के गोदाम में अचानक आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। उस दौरान वहां मौजूद कर्मियों ने मामले की सूचना तत्काल फैक्ट्री स्वामी को दी। सूचना मिलते ही फैक्ट्री स्वामी अनमोल सिंह अपने परिजनों के साथ तुरंत मौके पर पहुचे और उन्होंने घटना की सूचना दमकल विभाग को देने के साथ ही कर्मियों के साथ फैक्ट्री में लगे अग्निशमन यंत्रों से आग पर नियंत्रण करने का प्रयास किया। कुछ ही देर में दमकमल कर्मी भी मौके पर आ पहुंचे और उन्होंने आग बुझाने का काम शुरू किया। आग की विकरालता को देखते हुए सिडकुल, किच्छा व गदरपुर से भी दमकल वाहनों के साथ कई कर्मी भी बुला लिए गये। लगभग पांच घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद प्रातः 8 बजे तक आग पर पूरी तरह से काबू पाया जा सका। संस्थान स्वामी अनमोल सिंह विर्क का कहना है कि अग्नि कांड की उस घटना में उन्हें लगभग दो करोड़ रूपये का नुकसान होने का अंदेशा है। गोदाम में रखा करीब पांच हजार कुतल गेहूं, वारदाना, डीओआरबी आदि सामान रखा हुआ था। सही जानकारी पूरी तरह से निरीक्षण करने के बाद ही पता चल सकेगी। आग बुझने के बाद संस्थान के दर्जनों कर्मी गोदाम से जला हुआ सामान निकालने में जुट गये। उनका कहना था कि आग लगने का कारण ज्ञात नहीं हो सका है। आग लगने की जानकारी मिलने पर विधायक शिव अरोरा समाजसेवी प्रीत ग्रोवर आदि के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने संस्थान स्वामी अनमोल सिंह विर्क, उनके परिजनों साहब सिंह विर्क, सुरमुख सिंह विर्क आदि से मुलाकात कर घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। विधायक अरोरा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और दमकल कर्मियों द्वारा दिखाई गई तत्परता पर हौसला बढ़ाते हुए उनकी पीठ थपथपाई। उन्होंने दमकल कर्मियों से बातचीत करने के दौरान आग बुझाते समय आग की तपिश से प्रभावित एक महिला दमकल कर्मी के कार्य की विशेष सराहना की। उन्होने कहा कि दमकल विभाग का हर जवान अपनी जान की परवाह न करते हुए लोगों का सम्पत्ति की सुरक्षा करता है।






# उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कैंची धाम में किये दर्शन

भवाली (उद संवाददाता)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ अपने एक दिवसीय निजी दौरे पर विश्व प्रसिद्ध कैंचीं धाम पहुंचे। उनके साथ पत्नी सुदेश, राज्यपाल ले.जर्नल (से.नि.) गुरमीत सिंह, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, ए.डी.जी. अमित सिन्हा, आयुक्त कुमाऊं दीपक रावत, डी.आई.जी. योगेंद्र रावत, जिलाधिकारी वंदना सिंह, एस.एस.पी. प्रह्लाद नारायण मीना और अन्य जिम्मेदार लोग उपस्थित रहे। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ तय कार्यक्रम के अनुसार सुबह सात बजे दिल्ली स्थित आवास से चलकर एयरपोर्ट और फिर बरेली पहुंचे। जहां से वो एयरफोर्स के विशेष



हैलीकॉप्टर से हल्द्वानी में तिकोनिया के आर्मी हैलीपेड में उतरे। यहां उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद उपराष्ट्रपति मोटर मार्ग से भीमताल होते हुए कैंचीं धाम मंदिर पहुंचे। कैंचीं में ट्रस्ट सदस्यों और पुजारियों ने उपराष्ट्रपति का स्वागत किया और बाबा के चमत्कारों से जुड़ी जानकारियां दी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का मंदिर ट्रस्ट की तरफ से पारंपरिक तरीके से युवतियों ने टीका लगाकर स्वागत किया। उन्होंने बाबा की शिला पर कुछ देर ध्यान भी लगाया। वही मंदिर समिति और प्रशासन की ओर से उपराष्ट्रपति को बाबा की मूर्ति देकर स्वागत किया। उपराष्ट्रपति के मंदिर में पूजा अर्चना के कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं का आवागमन बंद रखा गया। उपराष्ट्रपति के कैंचीं दौरे के दौरान क्षेत्र को जीरो जोन कर दिया गया। उपराष्ट्रपति आधा घंटा रुकने के बाद इसी मार्ग से वापस लौट गए। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की सुरक्षा में 10 प्लाटून पीएसी और 723 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

# दमकल टीम को व्यापार मंडल करेगा सम्मानित

रूद्रपुर। बाबा दीप फीड कम्पनी में आग लगने की सूचना मिलने पर पहुंचे व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने कहा कि सभी दमकल कर्मियों ने आपसी सांमजस्य बनाते हुए घंटों की मेहनत के बाद आग पर काबू पाया उसकी जितनी सराहना की जाये कम है। उन्होंने कहा कि समय पर आग पर काबू पा लिए जाने से आग को संस्थान में फैलने से रोक लिया गया। उन्होंने कहा कि व्यापार मंडल यहां आग बुझाने वाले सभी दमकल कर्मियों को सम्मानित करेगा। उन्होंने दमकल टीम की महिला पुलिस कर्मियों के कार्य की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि महिला होते हुए भी इन्होंने बिना किसी डर के धधकते गोदाम में जाकर आग बुझाने में पूरा सहयोग किया। इस दौरान उनके साथ पूर्व महामंत्री हरीश अरोरा आदि मौजूद थे। आग बुझाने वाली टीम में फायर स्टेशन रूद्रपुर के एफएसओ गिरीश सिंह बिष्ट, प्रकाश चन्द्र पाण्डेय, मदन सिंह, गिरीश धारियाल, शहनाज अली, सीमा धामी, धीरज सिंह, नीमा, गंगोत्री, मोहनी, पुष्पा, किच्छा के मदन सिंह, दीपक बसेड़ा, संजय बोरा, सिडकुल पंतनगर के केदार सिंह, श्याम प्रकाश, हरीश भट्ट, नवीन राम, गरिमा, प्रियंका व शीतल आदि शामिल थे।

# ईंट से हमला कर सगे भाई को मौत के घाट उतारा

काशीपुर (उद संवाददाता)। नशे के चक्कर में भाई ने भाई की हत्या कर दी। मामला पुलिस के संज्ञान में आने पर उसने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त की गिरफ्तारी की प्रयास शुरू कर दिए। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। घटना के बारे में जानकारी देते हुए मोहनलाल लाहोरियान निवासी राहुल सागर पुत्र प्रेम सागर ने बताया कि उसके जुड़वा भाई श्याम ने राम को मारपीट कर बुरी घायल कर दिया। पुलिस को जैसे ही मामले की

**नशे को लेकर काशीपुर में सनसनीखेज वारदात**

जानकारी मिली वह तत्काल मौके पर पहुंच गई। प्रथम दृष्टया जांच पड़ताल में पता चला कि राम और श्याम दोनों जुड़वा भाई हैं और दोनों नशे के आदी थे। बीती रात श्याम अपनी मां दयावती से 5000 रुपए मांग रहा था। मां ने जब पैसे देने में असमर्थता जताई तो वह झगड़ा फसाद पर उतारू हो गया। उसने मां और भाई राम के साथ मारपीट की। मारपीट का यह क्रम रातभर चलता रहा। पता चला है कि विवाद के बीच देर रात श्याम ने अपने भाई राम के सिर पर ईंट से प्राणघातक हमला करते हुए उसे पूरी तरह लहूलुहान कर दिया। बेहद नाजुक हालत में इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां पर चिकित्सकों ने घायल को परीक्षण के दौरान मृत घोषित कर दिया। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ हत्यारोपी की तलाश में दबिश दे रही है।

# संदिग्ध हालातों में कमरे में मृत मिला सिडकुल कर्मी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मौहल्ला रविन्द्र नगर में गत दिवस पंतनगर सिडकुल में एक फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मी का संदिग्ध परिस्थितियों में उसके कमरे में शव पाये जाने से हड़कम्प मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार मूल रूप से बेला फतहपुरी यूपी निवासी 37 वर्षीय अमित द्विवेदी पुत्र आनन्द शरण यहां मौहल्ला रविन्द्रनगर में अकेला किरायेदार के रूप में रहकर सिडकुल स्थित एक फैक्ट्री में काम करता था। बताया जाता है कि विगत रात्रि वह फैक्ट्री में ड्यूटी कर कमरे में लौटा था और खाना खाकर सो गया। गत दिवस जब वह प्रातः सोकर नहीं उठा तो मकान मालिक ने उसके कमरे की ओर देखा तो दरवाजा खुला हुआ था और अमित चारपाई पर लेटा था। जब दोपहर तक अमित नहीं उठा तो मकान मालिक ने उसे उठाने की कोशिश की तो उसने उसे बेसुध अवस्था में पाया। उसने इसकी जानकारी अमित की फैक्ट्री के अधिकारी को दी। जिन्होंने आकर अमित को बेसुध देखा तो पुलिस को अवगत कराया गया। सूचना मिलते ही पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर अमित को चिकित्सालय भिजवाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव उसके परिजनों को सौंप दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों पता चल सकेगा। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अमित की पत्नी आाशा व करीब चार वर्षीय पुत्र है।

